भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2385
गुरूवार, 20 मार्च, 2025/29 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पारिस्थितिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और राष्ट्रीय उद्यानों में सतत पर्यटन को बढ़ावा देना**

**2385 श्रीमती फूलो देवी नेतम:**
**श्री हरीस बीरन:**
**श्रीमती रंजीत रंजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और राष्ट्रीय उद्यानों में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) वर्ष 2024-25 में संस्वीकृत और प्रचालित पारिस्थितिकी पर्यटन परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं कि पर्यटन में वृद्धि से संरक्षित क्षेत्रों में पर्यावरणीय हानि न हो; और

(घ) क्या केरल सरकार द्वारा राज्य के लिए कोई पर्यटन परियोजना प्रस्ताव भेजा गया है और पिछले तीन वर्षों के दौरान केरल के लिए संस्वीकृत धनराशि कितनी है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): स्थायी पर्यटन सहित पर्यटन गंतव्यों एवं उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से स्थायी पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों का संवर्धन कर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इको परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

पर्यावरणीय स्थिरता पर्यटन मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए स्थायी पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का एक मुख्य स्तंभ है। इस कार्यनीति के अनुरूप, देश में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने

और स्थायी पर्यटन संबंधी प्रथाओं को अपनाने के लिए पर्यटकों तथा पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम शुरू किया गया है।

मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों का विकास करना है। यह योजना पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता और आर्थिक स्थिरता सहित स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

श्रीमती फूलो देवी नेतम, श्री हरीस बीरन और श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा पारिस्थितिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और राष्ट्रीय उद्यानों में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 20.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2385 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी/प्राधिकृत* राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: डलमा - बेतला नेशनल पार्क - मिरचैया - नेतरहाट का विकास | 30.44 | 28.04 |
| 2. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 |
| 3. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध - ओंकारेश्वर बांध - इंदिरा सागर बांध - तवा बांध - बरगी बांध - भेड़ाघाट - बाणसागर बांध - केन नदी का विकास | 93.76 | 93.59 |
| 4. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग-सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 | 53.09 |
| 5. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 | 91.25 |
| 6. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | नए गंतव्य - जिला टिहरी के रूप में टिहरी झील एवं आसपास के विकास के लिए इको पर्यटन, साहसिक खेल और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत | 69.17 | 69.17 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | विकास | | |

* इसमें केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल-I के माध्यम से सीएनए के लिए प्राधिकार की राशि शामिल है।

*****

**अनुबंध-II**

श्रीमती फूलो देवी नेतम, श्री हरीस बीरन और श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा पारिस्थितिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और राष्ट्रीय उद्यानों में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 20.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2385 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | परिपथ | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी/प्राधिकृत* राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ | 2015-16 | पथनमथिट्टा - गवी - वागामोन - तेक्कडी का विकास | 64.08 | 64.08 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 | 33.39 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामूला का विकास | 78.08 | 73.77 |
| 4. | ग्रामीण परिपथ | 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 | 45.88 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ | 2018-19 | शिवगिरीश्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया - चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 | 42.01 |

* इसमें केंद्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल-I के माध्यम से सीएनए के लिए प्राधिकार की राशि शामिल है।

**केरल राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 05-03-2024 |

**केरल राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 |

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के तहत केरल में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 | 26-11-2024 |
| 2. | सरगालय में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल के लिए ग्लोबल गेटवे | 95.34 | 26-11-2024 |

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत केरल में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृति की तिथि | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 28-10-2016 | 901 | 826.29 |
| 2. | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 31-03-2017 | 2141 | 1912.8 |
| 3. | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | एसएआई | 31-03-2017 | 2464.99 | 1232.49 |
| 4. | मोरमुगाओ पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 12-12-2018 | 120.79 | 114.17 |
| 5. | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 12-12-2018 | 466.47 | 466.47 |
| 6. | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 13-12-2019 | 1029.7 | 888.62 |

**मेलों, महोत्सवों और पर्यटन संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता**

| **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **मेलों एवं महोत्सवों का नाम** | **स्वीकृत राशि (लाख रु. में)** | **जारी राशि (लाख रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| केरल | 2019-20 | केरल होम स्टे और पर्यटन सोसाइटी द्वारा होम स्टे और ग्रामीण पर्यटन यात्रा बैठक | 10.00 | 10.00 |
| | | 67वीं नेहरू ट्रॉफी बोट रेस | 25.00 | 25.00 |
| | | 9वां सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2022-23 | सरगालय अंतर्राष्ट्रीय कला और शिल्प महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

*****